# I–PERIODIC TEST : 2021-22

CLASS - X (CBSE)

Time : 2 hrs. **HINDI** M.M.: 50

**नोट :– i. प्रस्तुत प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं– खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'।**
**ii. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमवार लिखें।**
**iii. कार्य की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।**

**खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**अपठित गद्यांश**

Q.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए :– [1×5=5]

हर भाषा किसी न किसी समाज की एक मातृभाषा होती है। उसका अपना एक विशिष्ट साहित्य होता है। उस भाषा के साहित्य का अध्ययन करके हम उस भाषा भाषी समाज के बारे में, उसकी सभ्यता और संस्कृति के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। विदेशी भाषा का अध्ययन बुरी बात नहीं है इससे हमारी संवेदना व्यापक होती है तथा ज्ञान का विस्तार होता है, मानवीय दृष्टि व्यापक हो जाती है तथा विचारों में उदारता भी आती है। यदि हमारे पास अपनी भाषा का ज्ञान नहीं होगा, तो हम अपनी पहचान खो देंगे। हमारी मातृ भाषा में हमारा राष्ट्र–हृदय धड़कता है इसलिए जब तक कोई अपनी राष्ट्र भाषा नहीं अपनाता, तब तक वह स्वावलम्बी नहीं बन सकता और न ही विकास कर सकता है। अतः मातृभाषा चिंतन और मनन की भाषा होती है और संपूर्ण समाज उसी के माध्यम से स्वयं को व्यक्त करता है। जरूरत इस बात की है कि हमारे साहित्य का माध्यम भारतीय भाषा या मातृभाषा हो जिसमें राष्ट्र के प्राण तथा सूक्ष्म और गंभीर संवेदनाएँ मुखरित हों।

क) गद्यांश में ऐसा क्यों कहा गया है कि विदेशी भाषा का अध्ययन बुरी बात नहीं है ?–
   i) इससे हमारी सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान प्राप्त होता है।
   ii) हम स्वावलम्बी बन जाते हैं।
   iii) इससे हमारी मानवीय संवेदना तथा दृष्टि व्यापक हो जाती है।
   iv) उपर्युक्त सभी।

ख) मनुष्य स्वावलम्बी कब बन सकता है ?–
   i) जब तक मनुष्य अपनी राष्ट्र भाषा और साहित्य का ज्ञान प्राप्त नहीं करता।
   ii) जब तक विदेशी सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान नहीं प्राप्त करता।
   iii) व्यक्ति के विचारों में उदारता आने पर।
   iv) इनमें से कोई नहीं।

ग) उसका अपना एक विशिष्ट साहित्य होता है, में 'उसका' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?–
   i) विचारों के लिए   ii) मातृभाषा के लिए
   iii) सभ्यता के लिए   iv) संस्कृति के लिए

घ) विदेशी भाषा की अपेक्षा मातृभाषा का महत्व अधिक क्यों है ?
   i) मातृभाषा में हम अपने विचारों को व्यक्त करते हैं।
   ii) हमारा राष्ट्र–हृदय धड़कता है।
   iii) हम स्वावलम्बी बनते हैं।
   iv) उपर्युक्त सभी।

ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है –
   i) विदेशी भाषा अभिशाप है।   ii) मातृभाषा का महत्व।
   iii) मातृभाषा एक सभ्य भाषा होती है।   iv) इनमें से कोई नहीं।

**अपठित पद्यांश**

Q.2. नीचे लिखे पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – [1×5=5]

1

एक दिन तने ने कहा
जड़ ?
जड़ तो जड़ ही है
जीवन से सदा डरी रही है
और यही है उसका इतिहास
जमीन में मुँह गड़ाए पड़ी रही है

2

लेकिन मैं जमीन से उठा हूँ
इसलिए तो तना हूँ
एक दिन डाली ने भी कहा
तना ?
तू किस बात पर है तना ?
जहाँ बिठाया गया वहीं पर है बना

| 3 | 4 |
|---|---|
| लेकिन हम तने से फूटी<br>ऊपर उठी नीचे आई<br>इसी से वो डाल कहलाई<br>एक दिन पत्तियों ने भी कहा<br>डाल ?<br>तुझमें है क्या कमाल ?<br>माना तू झूमी झुकी डोली है<br>पर क्या एक शब्द भी कभी बोली है ? | लेकिन हम हर–हर स्वर करती हैं<br>मर्मर स्वर में मर्म भरा करती हैं<br>नूतन हर वर्ष हुईं<br>पतझर में झर–झर कर<br>बाहर फूट फिर छहरती हैं<br>विकथित–चित्त पंथी का<br>शाप–ताप भी हरती हैं<br>इसलिए तो पत्तियाँ हैं। |

क) तने ने जड़ को निर्जीव क्यों कहा ?–
- i) क्योंकि वह जड़ है।
- ii) क्योंकि जड़ें सदैव जमीन के ऊपर रहती हैं।
- iii) क्योंकि जड़ें सदैव जमीन के नीचे अँधेरे में पड़ी रहती हैं।
- iv) इनमें से कोई नहीं

ख) किस पंक्ति के माध्यम से डाल ने अपनी सार्थकता बताई है–
- i) मैं ऊपर उठी और नीचे आई।
- ii) मैं गतिशील हूँ।
- iii) (i) और (ii) दोनों।
- iv) मैं स्थिर रहती हूँ।

ग) पत्तियाँ डाल की किस कमी की ओर संकेत करती हैं ?–
- i) वह झूमी और झुकी हैं।
- ii) एक शब्द भी न बोल पाने की।
- iii) डाल के हवा के साथ न हिलने की।
- iv) उपर्युक्त सभी।

घ) 'लेकिन हम हर–हर स्वर करती हैं'– पंक्ति में हर–हर स्वर कौन करता है–
- i) डाल
- ii) तना
- iii) पत्तियाँ
- iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

ङ) उपर्युक्त काव्यांश किस विषय से संबंधित है –
- i) सफलता के लिए सहभागिता की आवश्यकता से
- ii) आरोप–प्रत्यारोप करने से
- iii) स्वयं को सर्वोपरि मानने से
- iv) अपनी महत्ता प्रदर्शित करने से

## व्यावहारिक व्याकरण

Q.3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए :– [1×4=4]

क) लाभ वाला काम करो (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए)
- i) काम करो परन्तु लाभ वाला।
- ii) लाभ वाला काम करना चाहिए।
- iii) ऐसा काम करो जिसमें लाभ हो।
- iv) लाभ के साथ–काम भी करो।

ख) मुझे पुरस्कार मिलने की आशा है। (रचना की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए)
- i) सरल
- ii) संयुक्त
- iii) मिश्र
- iv) विधानवाचक

ग) तुम घर पहुँचे कि वह रोने लगी। ( संयुक्त वाक्य में बदलिए)
- i) जब तुम घर गए तब वह रोने लगी।
- ii) जैसे ही तुम घर पहुँचे वह रोने लगी।
- iii) तुम घर पहुँचे और वह रोने लगी।
- iv) तुम्हारे घर पहुँचने के कारण वह रोने लगी।

घ) निम्नलिखित में सरल वाक्य है –
- i) जैसे ही बादल गरजे वर्षा होने लगी।
- ii) हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए।
- iii) वह उछला और उसने पतंग पकड़ ली।
- iv) तुम घर पहुँचे कि राम चला गया।

ङ) मालिक ने कहा <u>कि कल छुट्टी रहेगी।</u> रेखांकित उपवाक्य का भेद है –
- i) क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य
- ii) विशेषण आश्रित उपवाक्य
- iii) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
- iv) सर्वनाम आश्रित उपवाक्य

Q.4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [1×4=4]

क) निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य छाँटिए–
- i) यह लेख मेरी माँ ने लिखा है।
- ii) उसने भगत को दुनिया से निवृत्त कर दिया।
- iii) माली द्वारा फूल तोड़ा जायेगा।
- iv) सुमन से जल्दी नहीं उठा जाता।

ख) पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया। (कर्तृवाच्य में परिवर्तित कीजिए)
   i) पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया जा सकता है।
   ii) पुलिस ने लाठी चार्ज किया।
   iii) पुलिस से लाठी चार्ज हो जाएगा।
   iv) इनमें से कोई नहीं।

ग) राहुल चल नहीं सकता ( भाववाच्य में परिवर्तित कीजिए)
   i) राहुल द्वारा चला नहीं जा सकता। ii) राहुल से चला नहीं जाता।
   iii) राहुल चल नहीं पाएगा। iv) इनमें से कोई नहीं

घ) आओ! अब चलें। (वाच्य का प्रकार बताइए)
   i) भाववाच्य ii) कर्मवाच्य iii) कर्तृवाच्य iv) इनमें से कोई नहीं

ङ) हम स्वामी जी को भूल नहीं सकते। (कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए)
   i) हम स्वामी जी को भूल नहीं सकेंगे।
   ii) हम स्वामी जी को भूल नहीं पाएँगे।
   iii) हमारे द्वारा स्वामी जी को भूला नहीं जा सकता।
   iv) हमसे स्वामी जी को भूला नहीं जाया जाता।

## पाठ्य–पुस्तक एवं पूरक–पुस्तक

Q.5. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×4=4]

वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज़ साहब की थी, जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते–जो उनके घर से चार कोस दूर पर था–एक कबीर पंथी मठ से मतलब। वह दरबार में भेंट रूप रख दिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते।

क) उपर्युक्त गद्यांश में साहब किसे कहा गया है ?–
   i) कबीर को ii) भगत को iii) लेखक को iv) भगवान को

ख) भगत अपने खेत की फसल को भेंट स्वरूप कहाँ दे आते थे ?–
   i) मंदिर में ii) कबीर पंथी मठ में
   iii) भगवान के पुजारी को iv) इनमें से कोई नहीं

ग) वे स्वयं अपना गुजारा कैसे करते थे ?–
   i) मेहनत करके ii) दूसरे के खेत में काम करके
   iii) भीख माँगकर iv) प्रसाद के रूप में जो उन्हें मिलता था, उससे

घ) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक हैं–
   i) बालगोबिन भगत ii) कबीरदास
   iii) रामवृक्ष बेनीपुरी iv) स्वयं प्रकाश जी

Q.6. निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए विकल्पों में से चुनिए :– [1×4=4]

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बन्धन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

क) काव्यांश के आधार पर बताइए कि स्त्री जीवन का बंधन किसे कहा गया है ?–
   i) शब्दों को ii) वस्त्रों और आभूषणों को
   iii) रस्सी को iv) इनमें से कोई नहीं

ख) 'लड़की जैसी दिखाई मत देना' से क्या तात्पर्य है ?–
   i) सबके सामने दुर्बलता का प्रदर्शन मत करना। ii) आत्म प्रशंसा में मत खोना
   iii) बंधनों में न बँधना iv) उपर्युक्त सभी।

ग) कविता में आग के माध्यम से समाज में व्याप्त किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ?–
   i) सती प्रथा ii) विधवा प्रथा
   iii) दहेज प्रथा iv) कन्यादान की प्रथा

घ) उपर्युक्त काव्यांश के माध्यम से समाज की किस बुराई का पता चलता है ?
   i) आग लगने की   ii) महिला उत्पीड़न की
   iii) कन्यादान की   iv) शोषण की

**खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

Q.7. गद्यखण्ड के पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–
क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में सच्चा देशभक्त कौन है? उसकी शारीरिक बनावट पर दो वाक्य लिखिए। [2]
ख) बालगोबिन की किन विशेषताओं के कारण उन्हें साधु कहा जाता था ? [2]
ग) नवाब साहब के किन हाव–भाव से यह महसूस हुआ कि वे लेखक से बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं ? [2]

Q.8. काव्यखण्ड के पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– [2×2=4]
क) गोपियों को कृष्ण में ऐसे कौन–से परिवर्तन दिखाई दिए, जिनके कारण वे अपना मन वापस पा लेने की बात कहती हैं ?
ख) माँ को अपनी बेटी 'अंतिम पूँजी' क्यों लग रही थी ?

Q.9. पूरक पाठ्य–पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– [2×2=4]
क) फसल काटने के बाद उसे बाल मंडली किस प्रकार ओसाती है? बाद में बाबू आकर क्या प्रश्न करते हैं ? 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर लिखिए।
ख) 'और देखते ही देखते नयी दिल्ली का काया पलट होने लगा'–नयी दिल्ली की काया पलट के लिए क्या–क्या प्रयत्न किए गए होंगे ?
ग) आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

**लेखन**

Q.10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80-90 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– [5×1=5]
क) धरती की रक्षा
**संकेत बिन्दु –**
- भूमिका
- पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण
- वृक्षारोपण
- उपसंहार

ख) लोकतंत्र और चुनाव
**संकेत बिन्दु –**
- भूमिका
- लोकतंत्र में चुनाव की प्रक्रिया
- टिकट पाने की होड़
- अमर्यादित रूप से चुनाव का प्रचार–प्रसार
- उपसंहार

ग) इंटरनेट की दुनिया
**संकेत बिन्दु –**
- भूमिका
- भारत एवं विश्व में इंटरनेट की स्थिति
- इंटरनेट के लाभ
- इंटरनेट के दुष्परिणाम
- उपसंहार

Q.11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए :– [5×1=5]
क) हर्बल टूथपेस्ट बनाने वाली किसी कंपनी के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में विचार कीजिए।
ख) पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

#####